# प्रतिवेदन

**कार्य का नाम:-** **जनपद उत्तरकाशी में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत गुन्दियाड गांव रामा मोटर मार्ग किमी0 1.00 से स्यालुका मोटर मार्ग निर्माण हेतु वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव।**

(लम्बाई–7.750किमी0)

शासनादेश संख्या 1760 / पी03–14 / यू0आर0आर0डी0ए0 / 09 दिनाँक 14 / 12 / 2009 के तहत जनपद उत्तरकाशी के अन्तर्गत गुन्दयाड गांव रामा मोटर मार्ग किमी0 1.00 (रामा) से स्यालुका मोटर मार्ग निर्माण कार्य हेतु 8.00 किमी0 लम्बाई की स्वीकृति प्राप्त है। विस्तृत सर्वेक्षण कर इस मोटर मार्ग की वास्तविक लम्बाई 7.750 किमी0 आती है इसलिए 7.750 किमी0 का वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव तैयार किया गया। यह मार्ग गुन्दयाड गांव रामा मोटर मार्ग के किमी 1.00 से प्रारम्भ होकर स्यालुका डोखरियाणी तक प्रस्तावित है। इस मार्ग के बनने से दर्जनों गांवों को यातायात का लाभ मिलेगा। तथा इसी मार्ग से ग्रामीणों की नगदी फसलों को मण्ड़ी तक पहुंचानें में सुविधा मिलेगी। प्रस्तावित भूमि की स्थिति निम्न प्रकार है –

| | | |
|---|---|---|
| 1 – आरक्षित वन भूमि | – | 4.0320 है0 |
| 2 – वन पंचायत भूमि | – | शून्य है0 |
| 3 – सिविल सोयम वन भूमि | – | 0.5040 है0 |
| 4 – नाप भूमि | – | 1.1430 है0 |
| **योग** | – | **5.6790 है0** |

भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव **7.750** कि0मी0 लम्बाई में जिसमें नाप भूमि 9.00 मीटर चौड़ाई में, सिविल सोयम भूमि 7.00 मी0 चौडाई में तथा आरक्षित वन भूमि 7.00 मी0 चौड़ाई में ली गई है। इस मार्ग में सिविल सोयम भूमि 0.5040है0, आरक्षित वन भूमि 4.0320 है0, कुल 4.5360 है0 वन भूमि का ग्राम्य विकास विभाग उत्तराखण्ड़ सरकार हेतु भूमि हस्तान्तरण किये जाने के लिए प्रस्ताव गठित किया गया है। उक्त प्रस्तावित भूमि न्यूनतम है। इसके अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक समरेखंण की सम्भावना नहीं है। औपचारिक कार्यवाही हेतु संयुक्त निरीक्षण किया गया, आख्या संलग्न है।

उक्त मोटर मार्ग के निर्माण से 500 जनसंख्या लाभान्वित होगी तथा उक्त ग्राम मोटर मार्ग से जुड़ जायेगा। पर्वतीय ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्र से यातायात से जुड़ कर लाभान्वित हो जायेगें और नगदी फसलों को बाजार तक विपणन करने की सुगम सुविधा उपलब्ध होगी।

सर्वेक्षण के आधार पर उक्त मार्ग का समरेंखण इस प्रकार से निर्धारित किया गया है कि उक्त ग्राम मोटर मार्ग से जुड जायेगा एंव मानक के अनुरूप न्यूनतम वन भूमि उपयोग में लाई जायेगी, जिससे कम वृक्ष एंव फसलें प्रभावित होगी। मोटर मार्ग का 7.750 कि0मी0 लम्बाई में सिविल सोयम भूमि एवं आरक्षित वन भूमि की 7.00 मी0 चौडाई में वृक्षों की गणना की गई। जिससे कम से कम वृक्षों का पातन होगा।

जनपद उत्तरकाशी में प्रधानमंत्री गाम सडक योजना के अन्तर्गत गुन्दयाड गांव रामा मोटर मार्ग किमी0 1.00 (रामा) से स्यालुका मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 4.5360 है0 सिविल सोयम वन भूमि एंव आरक्षित वन भूमि ग्राम्य विकास विभाग को हस्तान्तरण के सम्बन्ध में वन भूमि प्रस्ताव गठित कर विधिवत् स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किया जा रहा है।

| | | |
|---|---|---|
| कनिष्ठ अभियन्ता<br>सिंचाई खण्ड<br>पी0एम0जी0एस0वाई0<br>पुरोला | सहायक अभियन्ता<br>सिंचाई खण्ड<br>पी0एम0जी0एस0वाई0<br>पुरोला<br>Assistant Engineer<br>PMGSY ID Purola<br>Uttarkashi | अधिशासी अभियन्ता<br>सिंचाई खण्ड<br>पी0एम0जी0एस0वाई0<br>पुरोला<br>अधिशासी अभियन्ता<br>पी.एम.जी.एस.वाई, सिं.ख.<br>पुरोला (उत्तरकाशी) |